<u>प्रेस नोट-</u>
<u>थाना शाहजहाँपुर</u>

<u>दिनाँक- 28.12.2024</u>

- **03 शातिर लुटेरे गिरफ्तार-**
- **लूटे गये सोने के आभूषण (कीमत करीब 01 लाख रुपए), नगदी, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व 02 मोबाइल फोन बरामद -**
- **थाना शाहजहाँपुर में पंजीकृत लूट के अभियोग का सफल अनावरण-**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी के कुशल निर्देशन एवं सतत मार्गदर्शन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा 03 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से लूटा गया माल— कान के टॉप्स, मंगलसूत्र, नगदी, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (अपाचे), 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 व 02 मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना शाहजहाँपुर में विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्तों को माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

<u>संक्षिप्त विवरणः-</u>

दिनाँक 24.12.2024 को वादी श्री विष्णु राजपूत पुत्र हरिशंकर निवासी ग्राम खजूरी थाना शाहजहाँपुर, जनपद झाँसी की तहरीर पर थाना शाहजहाँपुर पर मु0अ0सं0 116/24 धारा 309(6) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु झाँसी पुलिस द्वारा सार्थक प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में दिनाँक 27.12.2024 को समय करीब 20:30 बजे थाना शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना शाहजहाँपुर क्षेत्रान्तर्गत बजीता से काण्डौर की तरफ जाने वाली सड़क के किनारे बनी झोपड़ी के पास से अभियुक्तगण **1. आकाश चौधरी उर्फ इक्का पुत्र वैदेहीशरण अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम बराठा थाना बड़ागाँव जनपद झाँसी 2. बृजेश कुमार उर्फ कालीवान पुत्र जानकी कुशवाहा उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम पुलिया थाना समथर जनपद झाँसी 3. अभिषेक राज उर्फ अभिराज पुत्र रमेश अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम छपरा थाना बड़ागाँव जनपद झाँसी** को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से लूटा गया माल कान के 02 टॉप्स, मंगलसूत्र, 1910/- रुपये नगदी, घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल (अपाचे, रंग सफेद, नं0 UP93 CA 8606) व 02 तमंचा देशी नाजायज चालू हालत 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर व 02 मोबाइल (वीवो) बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहजहाँपुर पर **मु0अ0सं0 117/24 धारा 3/25 A.ACT** पंजीकृत करते हुये विधिक कार्यवाही की गयी। अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>

1. आकाश चौधरी उर्फ इक्का पुत्र वैदेहीशरण अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम बराठा थाना बड़ागाँव जनपद झाँसी
2. बृजेश कुमार उर्फ कालीवान पुत्र जानकी कुशवाहा उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम पुलिया थाना समथर जनपद झाँसी
3. अभिषेक राज उर्फ अभिराज पुत्र रमेश अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम छपरा थाना बड़ागाँव जनपद झाँसी

बरामदगी का विवरण-

1. 01 मंगलसूत्र
2. 02 कान के टॉप्स
3. 1910/- रुपये नगदी
4. मोटर साइकिल अपाचे रंग सफेद (UP93 CA 8606)
5. 02 तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर
6. 02 मोबाइल फोन (वीवो)

गिरफ्तारी का दिनाँक व स्थान - दिनाँक 27.12.2024 समय करीब 20:30 बजे, बजीता से काण्डौर की तरफ जाने की सड़क के किनारे बनी झोपड़ी के पास, थाना शाहजहाँपुर, झाँसी

गिरफ्तार करने वाले अधि0/कर्म0 का नाम

1. थानाध्यक्ष श्री साजेश कुमार सिंह, थाना शाहजहाँपुर, जिला झाँसी
2. उ0नि0 श्री आदित्य कुमार अवस्थी, थाना शाहजहाँपुर, जिला झाँसी
3. उ0नि0 श्री कुमार प्रतीक, थाना शाहजहाँपुर, जिला झाँसी
4. का01514 नीरज कुमार, थाना शाहजहाँपुर, जिला झाँसी
5. चा0आरक्षी 13 रवि कुमार, थाना शाहजहाँपुर, जिला झाँसी